प्रेमा राममूर्ति
अकादेमी पुरस्कारः नृत्य के लिए संगीत

PREMA RAMAMURTHY
Akademi Award: Music for Dance

कर्नाटक के बेल्लारी में 28 अगस्त 1949 को जन्मी, श्रीमती प्रेमा राममूर्ति एक उत्कृष्ट कर्नाटक गायिका हैं। आप प्रदर्शन कला के क्षेत्र में कलाकार के रूप में छह दशकों से भी अधिक समय से सक्रिय हैं और इस प्रकार आपका अनुभव सुदीर्घ है। आप हैदराबाद के वरिष्ठतम संगीतकारों में से एक हैं। आपने तीन साल की उम्र में ही अपने माता–पिता नागराज शास्त्री और जयलक्ष्मी तथा दादा श्रीनिवास शास्त्री से कर्नाटक संगीत सीखना आरम्भ कर दिया था। आप एम. बालमुरली कृष्ण के सबसे वरिष्ठ शिष्यों में से एक हैं और आपने टी. वी. गोपालकृष्णन और टी. मुक्ता से भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्रीमती प्रेमा राममूर्ति ने देश–विदेश में आयोजित होने वाले प्रमुख उत्सवों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। प्रमुख कर्नाटक गायिका और संगीतकार के रूप में आपका विकास महान गुरुओं के मार्गदर्शन में हुआ है। आपने वृत्तचित्र फिल्मों, कला टेली–फिल्मों, भक्ति एल्बमों, विषयगत प्रस्तुतियों आदि के लिए संगीत तैयार किया है। आपने भारत के फिल्म्स डिवीजन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कई वृत्तचित्रों के लिए भी संगीत तैयार किया है।

आपको कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिनमें तेलंगाना सरकार द्वारा दिया गया उगादि पुरस्कार और माधुरी सत्यगुरु संगीत सभा द्वारा दिया गया संगीत सरस्वती पुरस्कार प्रमुख हैं।

श्रीमती प्रेमा राममूर्ति को नृत्य के लिए संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 28 August 1949 in Bellary, Karnataka, Shrimati Prema Ramamurthy is an outstanding Carnatic vocalist with over six decades experience as a performing artist. She is one of the senior most musicians of Hyderabad, Telangana. She was initiated in Carnatic music at the age of three, by her parents Nagaraj Sastry and Jayalakshmi, and grandfather, Srinivasa Sastry. She is one of the senior most disciples of M. Balamurali Krishna and has also learnt from T.V. Gopalakrishnan and T. Muktha.

Shrimati Prema Ramamurthy has performed in major festivals within the country and abroad. Under the guidance of great masters, she has blossomed into one of the leading Carnatic vocalists and composers. She has composed music for documentary films, art tele-films, devotional albums, thematic productions, etc. She has composed music for national award winning documentary films produced by the Films Division of India.

She has received many awards, chief among them being the Ugadi Puraskar conferred by the Government of Telangana and the Sangeet Saraswati by the Madhuri Satyaguru Sangit Sabha.

Shrimati Prema Ramamurthy receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2020 for her contribution to dance music.